हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, फरवरी 22, 2025

12 जाह्नवी बेस्ट एथलीट बनी, रिंकी बेस्ट रनर-अप




11 मुकाबले में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की टीम प्रथम



## खबर संक्षेप



### मास्टर ट्रेनरों ने पोलिंग स्टॉफ को दी ट्रेनिंग

**बेरी।** चुनावों में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शिता के साथ मतदान संपन्न करवाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी तैयारी की गई है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि इलेक्शन ड्यूटी में तैनात स्टॉफ चुनाव आयोग के नियमों की गंभीरता से पालना करें। उपमंडल स्तरीय लघु सचिवालय में चुनाव से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें चुनाव से संबंधित मशीनों के बारे में ट्रेनरों द्वारा जानकारी दी गई है।

### एससी एक्ट के तहत केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव मातन में जमीन पर कब्जा दिखाने के आरोप में अनुसूचित जाति के परिवार को धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़ित कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव की फिरनी पर उसके मकान के साथ संदीप का भी मकान है। हमारी जमीन पर कब्जा करने के इरादे से उन्होंने वहां ईंटे उतरवा रखी थी। इस विवाद में वे पहले भी मारपीट कर चुके हैं। गत दिवस भी संदीप व नरेश ने उनके साथ गाली गलोच की, धमकी दी तथा पुरानी चारदीवारी गिरा दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एससी एक्ट की धारा 3(2) (वीए), 3(1) (वी) और बीएनएस की धारा 351(2) के तहत अभियोग अंकित किया है।

### 25 हो होगी नफे सिंह राठी की श्रद्धांजलि सभा

**बहादुरगढ़।** इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. नफे सिंह राठी की बरसी पर मंगलवार 25 फरवरी को सुबह 10 बजे नजफगढ़ रोड स्थित राठी फार्म में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए इनेलो हलकाध्यक्ष राजेंद्र उर्फ पप्पू कानोंदा ने स्व. नफे सिंह राठी दो बार बहादुरगढ़ नगर परिषद के चेयरमैन व दो बार बहादुरगढ़ हलके के विधायक रहे।

### ग्रीवेंस कमेटी मेंबर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से की चर्चा

**बहादुरगढ़।** हरियाणा में हो रहे नगर निकाय चुनाव को लेकर ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि ट्रिपल इंजन सरकार बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्त्ता पूरी मेहनत से काम करेंगे। नायब सरकार सबका साथ-सबका विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रही है।

### शिविर में 185 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**झज्जर।** आम जन विकास सेवा समिति द्वारा बहू गांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा व मंडल महामंत्री उदय राम शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया कि शिविर के दौरान 185 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में आशीर्वाद ब्लड बैंक गुरुग्राम की टीम ने सेवाएं दी। इस मौके पर डॉक्टर जिले सिंह, बलवान, मुकेश कुमार गर्ग, संजय मितल, अनिल अग्रवाल, अमृत शर्मा, पूर्व सरपंच अजीत, सन्नी कुमार, मन्गौरी सेवा समिति सदस्य संदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सतीश तंवर, डॉक्टर मनोज भारद्वाज, डॉक्टर अनिल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# सफाई कर्मियों तीन माह से वेतन नहीं सुबह नप कार्यालय पर जड़ दिया ताला

## गुस्साए कर्मचारियों ने जमकर की नारेबाजी, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**रोष**

- अधिकारियों के आश्वासन पर ताला तो खोल दिया, लेकिन दिनभर जोरदार प्रदर्शन
- अब सफाईकर्मी पूरे 3 महीने का वेतन लेकर और चारों रविवारों की छुट्टी मनवाकर ही हड़ताल खत्म करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

तीन महीने का वेतन नहीं मिलने से नाराज ठेकेदार के सफाईकर्मियों ने आंशिक वेतन मिलने के आश्वासन पर अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था। लेकिन वीरवार को जब वायदे अनुसार उनके खातों में वेतन नहीं आया तो उन्होंने शुक्रवार तड़के नगर परिषद के गेट पर ताला जड़ दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर ताला तो खोल दिया, लेकिन दिनभर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा नेता दिनेश कौशिक भी उनके धरने पर पहुंचे और सीएम के समक्ष उनका पक्ष रखने का आश्वासन दिया।

आंदोलनरत कर्मचारी मोनू, अजय, आकाश, सागर, विनोद आदि ने नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान राजेंद्र तूषामड़, वरिष्ठ उप प्रधान लीलाराम, सचिव अमित परनाला, जिला ऑडिटर अजय को साथ लेकर नप के कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला, सचिव प्रवीन छिकारा, सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा, एजेंसी सुपरवाइजर पंकज दहिया के साथ बैठक की थी। इसमें दोनों पक्षों में सहमति बन गई थी। समझौते के अनुसार वीरवार शाम साढ़े 4 बजे तक सभी सफाईकर्मियों के खाते में 12 हजार रुपए डालने तथा एक सप्ताह में 8 हजार रुपए जमा करवाने का आश्वासन दिया गया था। इसके अलावा महीने के चारों रविवारों को दोपहर 12 बजे तक काम करने के बाद छुट्टी करने के साथ ही दो छुट्टी और देने का वायदा किया गया था। इसके बाद सभी अपने अपने कामों में चले गए थे। लेकिन वीरवार रात तक वेतन नहीं मिला तो शुक्रवार सुबह नाराज सफाईकर्मी नगर परिषद के गेट पर अनिश्चिकालीन धरने पर बैठे गए। गेट पर ताला लगाकर नारेबाजी करने लगे। बाद में अधिकारियों के अनुरोध पर उन्होंने ताला खोल दिया। सुनील, लीलाराम, संतोष, संदीप, नरेंद्र, गौरव, हिमांशु व ज्योति आदि ने बताया कि अधिकारी व ठेकेदार अब केवल 4 हजार रुपए खातों में डालने की बात कर रहे हैं। एक दिन पहले हुआ समझौता भी नहीं लागू हुआ। अब सफाईकर्मी पूरे 3 महीने का वेतन लेकर और चारों रविवारों की छुट्टी मनवाकर ही हड़ताल खत्म करेंगे। ठेकेदार के मातहत काम करने वाले सफाईकर्मियों के समर्थन में सोमवार से नप के अस्थाई व सथाई कर्मचारी भी हड़ताल पर चले जाएंगे।



बहादुरगढ़। नगर परिषद के गेट पर ताला लगाकर नारेबाजी करते सफाईकर्मी।



बहादुरगढ़। शुक्रवार को शहर की सड़कों पर प्रदर्शन करते सफाईकर्मी।

**बीती रात सीएम से मिले**

### समाधान का आश्वासन

अपने वेतन के लिए लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे सफाईकर्मी बीती रात गुरुग्राम में मुख्यमंत्री नायब सैनी से भी मिले। सफाई कर्मचारी सुरेश कुमार, विजय, संदीप, जोगेंद्र, सोनू, विशाल, अनिल, मनोज, अजय व सन्नी आदि ने मुख्यमंत्री के समक्ष ठेकेदार व अधिकारियों की शिकायत करते हुए आपबीती सुनाई। सीएम ने जल्द समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि पूरा मामला उनके संज्ञान में है।

**डीसी ने दिए सख्त निर्देश**

# बिना सीसीटीवी वाली केमिस्ट की दुकानों पर कार्रवाई होगी



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की समीक्षा बैठक डीसी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। पुलिस व अन्य अधिकारियों के साथ नशे को समाज से खत्म करने के विषय पर चर्चा करते हुए नशे की लत से समाज को दूर रखने के लिए नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केमिस्ट की दुकानों पर सीसीटीवी लगाने के निर्देशों की सख्ती से पालना की जाए। जिन मेडिकल स्टोर संचालकों ने सीसीटीवी नहीं लगाए हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके अलावा पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करने की हिदायत दी।

उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल में नशे के आदि लोगों के लिए जरूरी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि नशे के आदि लोगों का समय पर इलाज करते हुए उन्हें एक स्वस्थ जीवन दिया जाए। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में नशे की बुराई के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### नहरों पर आज चलेगा स्वच्छता अभियान

**बहादुरगढ़।** प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' परियोजना के तीसरे चरण का आयोजन रविवार 23 फरवरी को किया जाएगा। रविवार सुबह 7 बजे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से बहादुरगढ़ में नहर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। संत निरंकारी मिशन बहादुरगढ़ द्वारा संघर्षशील जनकल्याण सेवा समिति सांखोल और क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट के सहयोग से यह सफाई अभियान चलाया जाएगा। दरअसल, यह परियोजना देशभर में 1500 से अधिक स्थानों पर आयोजित की जाएगी।



बहादुरगढ़। शुक्रवार को पहली पुलिया पर नहर किनारे पड़ी गंदगी।

## अज्ञात कारणों से श्रमिक ने फंदा लगाकर जान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव दादरी तोए में एक प्रवासी श्रमिक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आस-पड़ोस के लोगों को पता चला तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंची और परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के करीब 24 वर्षीय आदेश पुत्र राजकुमार निवासी हरदेवपुरवा जिला कन्नौज के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि वीरवार की देर शाम उन्हें सूचना मिली थी कि दादरी तोए गांव में किराए के मकान में रहने वाले प्रवासी कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वे एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि दरवाजे की अंदर से कुंडी लगी हुई थी। इसके बाद परिजनों की मौजूदगी में कमरा खुलवाया गया तो उन्होंने देखा कि मृतक का शव पंखे से लटका हुआ था। मृतक के भाई बिमलेश के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए कार्यवाई करते पुलिसकर्मी।

## पहिया टूटने से असंतुलित हुई घोड़ा बुग्गी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव माछरौली के नजदीक हुए एक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब खुड्डन गांव निवासी बुजुर्ग जागेराम पुत्र छोटूराम गांव से पेंशन लेने के लिए माछरौली जा रहा था। इस दौरान जागेराम ने एक घोड़ा बुग्गी से लिफ्ट ली थी। कुछ दूर चलने के बाद बीच रास्ते घोड़ा बुग्गी का पहिया टूट गया और वह असंतुलित हो गई। ऐसे में बुजुर्ग जागेराम बुग्गी से उछलकर दूर सड़क पर सिर के बल जा गिरा। बाद में गंभीर रूप से घायल जागेराम को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अस्पताल परिसर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।



झज्जर। अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

## गड़बड़ी मिली, नाला निर्माण रुकवाया

### नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने किया औचक निरीक्षण

**निर्देश**

- सरोज राठी ने ठेकेदार और नप अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाले के निर्माण में नजर आई कमियां दुरुस्त करने के बाद ही आगे काम किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने वार्ड 3 में बनाए जा रहे नाले के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चेयरपर्सन को घटिया निर्माण सामग्री समेत कई खामियां नजर आई। उन्होंने अनियमितता पाए जाने पर तुरंत अधिकारियों को निर्देश देकर नाले का निर्माण रुकवा दिया। चेयरपर्सन सरोज राठी ने मौके पर ठेकेदार व नप अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाले के निर्माण में नजर आई कमियां दुरुस्त करने के बाद ही आगे काम किया जाए। पूरी गुणवत्ता व टेंडर के तय मानकों के अनुसार इस नाले का निर्माण कार्य किया जाए। अधिकारी भी समय समय पर आकर नाले के निर्माण में लगने वाली सामग्री की जांच करते रहें। चेयरपर्सन ने दोहराया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम में कमी होने पर विकास कार्यों के भुगतान को नगर परिषद द्वारा रोक दिया जाएगा। उन्होंने आमजन से भी विकास कार्यों पर नजर रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर पालेराम शर्मा, राजेश मकडौली, राजेश तंवर, एमई राजेश कौशिक व जेई नीरज आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। वार्ड 3 में नाला निर्माण कार्य का जायजा लेती चेयरपर्सन सरोज राठी।

**प्रधान के लिए 4, उपप्रधान के लिए 2 नामांकन पत्र भरे**

# चार पदों पर 11 अधिवक्ता आमने-सामने

**28**

फरवरी को सुबह 8 बजे से साढ़े 4 बजे तक मतदान होगा।

**766**

अधिवक्ता मतदाता सूची के अनुसार मतदान कर सकेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बार एसोसिएशन चुनावों को लेकर शुक्रवार को नामांकन की जांच उपरांत चार पदों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में डटे हैं। सहसचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। अब शुक्रवार 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से साढ़े 4 बजे तक मतदान होगा। फिलहाल तक जारी मतदाता सूची के अनुसार 766 अधिवक्ता मतदान कर सकेंगे। सहायक चुनाव अधिकारी सुनील बाल्याण ने बताया कि प्रधान के लिए 4, उपप्रधान के लिए 2, सचिव के लिए 3 व कोषाध्यक्ष एवं लाइब्रेरियन के पद के लिए 2 उम्मीदवार आमने सामने हैं।



बहादुरगढ़। नामांकन पत्रों की जांच करते आरओ व एआरओ।

**प्रधान पद के लिए इनमें टक्कर**

प्रधान पद के लिए अधिवक्ता देवेंद्र लाठर, संदीप गुलिया, चांद जून व रविन छिल्लर में जोर आजमाइश होगी। जबकि उपप्रधान के पद के लिए सोमबीर सिंह व राकेश चंद्र में आमने सामने की टक्कर रहेगी।

**सचिव और सचिव पद पर इनमें मुकाबला**

सचिव पद के लिए हुकम चंद राठी, कपिल भारद्वाज और तरुण राठी में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। वहीं सह सचिव की पोस्ट के लिए इंदू राठी निर्विरोध निर्वाचित हो गई हैं। कोषाध्यक्ष एवं लाइब्रेरियन के पद के लिए चिराग कौशिक व पारस प्रताप मैदान में डटे हैं।

**हिदायत के अनुसार ही मतदान प्रक्रिया**

सहायक चुनाव अधिकारी सुनील बाल्याण ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल की हिदायत अनुसार मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी। चुनाव के दौरान पूरी पारदर्शितस अपनाई जाएगी। बार एसो. चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**प्रत्याशियों के साथ की बैठक**

## एसडीएम के निर्देश, सभी उम्मीदवार आदर्श आचार संहिता की पालना करें



बेरी। प्रत्याशियों के साथ चर्चा करते हुए निर्वाचन अधिकारी रेणुका नांदल।

**बेरी।** नपा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित की जा रही है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि चुनाव के संदर्भ में प्रत्याशियों के साथ मीटिंग आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता के नियमों की अनुपालना करना प्रत्येक प्रत्याशी के लिए जरूरी है। इसलिए सभी प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करते हुए चुनाव को निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने में प्रशासन का सहयोग करें।

**डीसी ने की समीक्षा**

## सड़क हादसे रोकने के लिए सभी विभाग मिलकर काम करें



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

**झज्जर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने प्रभावी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। डीसी प्रदीप दहिया ने सड़क सुरक्षा की मासिक बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सड़क सुरक्षा के एजेंडों की समीक्षा की। एनएचएआई, केएमपी, पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर यातायात सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कंप्यूटर कोर्स से जुड़े हैं करियर के अनेक विकल्प



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में भारत में सरकारी नौकरी करना हर दूसरे युवा का सपना होता है, लेकिन सरकारी नौकरी के लिए कठिन परिश्रम के साथ-साथ स्कील का भी होना बहुत जरूरी है। बता देते हैं कि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में कंपटीशन काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसीलिए आज के समय में अगर आप सरकारी नौकरी के बारे में सोच रहे हैं तो यह बिल्कुल भी आसान नहीं है, इसके लिए आपको काफी लंबे समय तक कठिन परिश्रम करना होगा। अगर आप कंप्यूटर कोर्स करते हैं, तो आपको सरकारी नौकरी में प्रायरिटी मिल जाती है क्योंकि वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों में भी कंप्यूटर कोर्स को शामिल कर दिया गया है।

## इसलिए जरूरी

वर्तमान समय में अलग-अलग विभागों में अनेक सारे ऐसे पर देखने को मिल जाते हैं। जहां पर कंप्यूटर कोर्स वाले आवेदक ही आवेदन कर सकते हैं क्योंकि उन पदों पर केवल कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त कर चुके लोगों की ही आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों के तहत कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड जिन कोर्स की होती हैं। उन कोर्स की सूची इस प्रकार है

- कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट
- मैकेनिक कंप्यूटर हार्डवेयर
- डेस्कटॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- एडवांस्ड डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- मास्टर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन
- बैचलर ऑफ साइंस (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- बैचलर ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (सिस्टम/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)
- ग्रेजुएट इन इंजीनियरिंग (कंप्यूटर साइंस/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी)

## टॉप कोर्स

पांच ऐसे कंप्यूटर कोर्स है, जिसकी सरकारी नौकरी के लिए सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिल जाती है। यह उस सूची में टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स है जिसे आप करते हैं, तो आपको अच्छा वेतन मिलता है और बेहतरीन पद भी मिलता है। तो सरकारी नौकरी के लिए मांगे जाने वाले टॉप 5 कंप्यूटर कोर्स इस प्रकार है ।

**एडीसीए कंप्यूटर कोर्स :** अगर आप एक कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं तो यह कंप्यूटर कोर्स आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है क्योंकि इस कंप्यूटर कोर्स के अंतर्गत आपको कंप्यूटर एप्लीकेशन में एडवांस डिप्लोमा कोर्स का सर्टिफिकेट दिया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आपको कंप्यूटर का एडवांस नॉलेज हो जाता है और आप सरकारी नौकरी के तहत अच्छा वेतन प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि इस पोस्ट को 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। लेकिन यह कोर्स कंप्यूटर में रुचि रखने वालों के लिए ही उपयुक्त है विशेष रुप से कंप्यूटर कोर्स को विज्ञान के छात्र ही करते हैं।

**सीसीसी कंप्यूटर कोर्स :** इस कोर्स को आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी कर सकते हैं। अगर आप 12वीं कक्षा पास करने के बाद इस कोर्स को करते हैं, तो भी आप की सरकारी नौकरी लग सकती है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद आपको किसी डिग्री या डिप्लोमा कोर्स की आवश्यकता नहीं है। यह कोर्स 3 महीने की अवधि का है। इस कोर्स को आप नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी द्वारा कर सकते हैं। इस कोर्स में आपको कंप्यूटर का महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान किया जाता है जिसमें कंप्यूटर की मूल बातें कंप्यूटर की प्रेजेंटेशन पैकेज के बारे में बताया जाता है। कंप्यूटर डिजिटल फाइनेंस के बारे में जाता है वर्ड प्रोसेसिंग और स्प्रेडशीट पैकेज के बारे में बताया जाता है।

**डीसीए कोर्स :** अगर आप दसवीं अथवा 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी करने का सपना देखते हैं। तो ऐसा तो काफी मुश्किल है क्योंकि आज के समय में विभिन्न प्रकार की डिग्री और डिप्लोमा कोर्स करने के बाद भी लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती है। लेकिन अगर आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद 6 महीने का यह कंप्यूटर कोर्स करते हैं। तो आपके सरकारी नौकरी लग सकती है बता देते हैं कि सरकारी नौकरी के लिए जिन 5 कंप्यूटर कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड देखने को मिलती है उसमें डीसीए कोर्स भी शामिल है। इस कोर्स में इंटरनेट एप्लीकेशन के बारे में बताया जाता है ऑपरेटिंग सिस्टम के बारे में बताया जाता है इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की सभी सर्विस का ज्ञान दिया जाता है।

**ओ लेवल कंप्यूटर कोर्स :** कंप्यूटर कोर्स से सरकारी नौकरी प्राप्त करने की सूची में यह कंप्यूटर कोर्स भी शामिल है। इस कंप्यूटर कोर्स को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा छात्रों के लिए प्रदान करवाया जाता है। इस कोर्स में कंप्यूटर से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि यह कंप्यूटर कोर्स 1 साल का है। अगर आप इस 1 साल के कंप्यूटर कोर्स को करते हैं। तो आपको विभिन्न प्रकार के सरकारी नौकरियों के अवसर देखने को मिल जाते हैं क्योंकि यह आज के समय में सरकारी नौकरियों के तहत डिमांड वाला कोर्स है जिसके लिए सबसे ज्यादा सरकारी नौकरियों की मांग होती है।

**पीजीडीसीए कोर्स :** यह एक कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कोर्स है यह कोर्स ग्रेजुएशन करने वाले विद्यार्थियों के लिए है।तो अगर आप दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन कर चुके हैं और कंप्यूटर कोर्स करके सरकारी नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए सबसे बेहतरीन साबित होने वाला है। बता देते हैं कि इस कोर्स को पूरा करने के बाद आप सरकारी नौकरी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्राइवेट सेक्टर में भी काम कर सकते हैं और सरकारी नौकरी से भी ज्यादा वेतन प्राइवेट सेक्टर में पार्ट टाइम काम करके भी प्राप्त कर सकते हैं या अपना खुद का एक ऑनलाइन काम भी शुरू कर सकते हैं। पीजीडीसीए कोर्स के तहत आपको सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग सिखाया जाता है कंप्यूटर प्रोग्रामिंग सिखाई जाती है और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिखाया जाता है।

---

### दुनिया में आज लगभग हर काम कंप्यूटर आधारित, नौकरियां भी भरपूर

# कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर की आज खासी डिमांड, कोर्स कर बनाएं करियर

**जॉब ट्रेंड्स**

करियर डेस्क

हार्डवेयर इंजीनियर की डिमांड आज के समय में काफी ज्यादा देखने को मिलती है क्योंकि आज का समय कंप्यूटर का जमाना कहा जाता है। आज के समय में पूरी दुनिया डिजिटलाइजेशन की तरह आगे बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक देश में प्रत्येक चैप्टर और सब जगह कंप्यूटर का इस्तेमाल हो रहा है क्योंकि कंप्यूटर एक ऐसी मशीन है जो विभिन्न प्रकार के तकनीकी से बनी हुई है और विभिन्न प्रकार के कार्य को आसानी से संपन्न कर देती है। ऐसी स्थिति में कंप्यूटर की डिमांड दुनिया भर में हर दिन तेजी से बढ़ रही है और आज के समय में लगभग प्रत्येक कार्य कंप्यूटर की मदद से किया जाता है। कंप्यूटर विभिन्न भागों से मिलकर बनता है, जिनमें 2 मुख्य भाग होते हैं। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सॉफ्टवेयर मुख्य रूप से कंप्यूटर का मस्तिष्क माना जाता है जो कंप्यूटर के अंतर्गत एक एप्लीकेशन के रूप में कार्य करता है, जबकि हार्डवेयर कंप्यूटर के बाहरी हिस्सों के रूप में हमें दिखाई देता है जो विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण शक्तियों के रूप में कंप्यूटर को दिशा निर्देश देता है और कंप्यूटर से कार्य करवाता है वह हार्डवेयर कहलाता है। आपने देखा होगा कि कंप्यूटर में कीबोर्ड, हार्ड डिस्क, मॉनिटर, सीपीयू इत्यादि विभिन्न प्रकार के भाग होते हैं यह सभी कंप्यूटर के हार्डवेयर कहलाते हैं। जिस तरह से कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का निर्माण सॉफ्टवेयर डेवलपर करता है। ठीक उसी प्रकार कंप्यूटर के हार्डवेयर का निर्माण भी हार्डवेयर डेवलपर करता है। अगर आप अभी हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको निर्धारित किया गया कोर्स करना होगा, जिसके बाद ही आप हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

### आजकल युवाओं की यहीं पहली पसंद



## क्या है हार्डवेयर इंजीनियरिंग

हार्डवेयर इंजीनियर कंप्यूटर विषय के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके अंतर्गत कंप्यूटर के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के हार्डवेयर का निर्माण करना होता है तथा उस हार्डवेयर के सेक्टर में नए-नए आविष्कार और नए-नए कार्य करने के लिए हार्डवेयर डेवलपर बनते हैं। कंप्यूटर के लिए हार्डवेयर सॉफ्टवेयर की भांति एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है, जो कंप्यूटर को आदेश या डिमांड प्रदान करता है। हार्डवेयर इंजीनियर एक महत्वपूर्ण कोर्स और पद माना जाता है। आज के समय में अधिकांश युवाओं द्वारा कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर इंजीनियर बनाने की उत्सुकता देखी जा रही है। अगर आप अभी पहले से ही कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी होगी। उसके बाद कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत 3 वर्ष का ग्रेजुएशन कोर्स और 2 वर्ष का पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करना होगा। उसके बाद 1 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स भी करना होता है। आज के समय में इस क्षेत्र में काफी करिए इसको देखा जाता है।

## हार्डवेयर इंजीनियर बनें

हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको कंप्यूटर और टेक्नोलॉजी के विषय में अच्छी समझ और रुचि होनी चाहिए तभी आप इस क्षेर में आगे बढ़ सकते हैं और कुछ महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 12वीं कक्षा पास करनी है। किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षण बोर्ड से 12वीं कक्षा पास कर सकते हैं। उसके बाद आपको कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तहत डिप्लोमा या डिग्री कोर्स करना होगा। इस कोर्स को पूरा करने के बाद इंटरशिप करें। इंटरशिप की सहायता से आपको करियर ग्रोथ तथा अनुभव के बारे में जानकारी मिलेगी, जो काफी महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए। इंटरशिप के बाद आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मास्टर डिग्री जरूर करनी चाहिए, क्योंकि इस डिग्री के बाद आपकी सैलरी में बढ़ोतरी होती है और अच्छा पैकेज या अच्छी सैलरी मिलती है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी कंपनियों में अच्छे पदों पर नौकरी मिलती है। ऐसे लिए आमतौर पर हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए मास्टर डिग्री भी की जाती है।

## कोर्स

**कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए विभिन्न प्रकार के कोर्स निर्धारित किए गए हैं, जिनके अनुसार आप किसी भी कोर्स का चयन करके आगे बढ़ सकते हैं। हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए निर्धारित किए गए कोर्स में से कुछ प्रमुख कोर्स इस प्रकार हैं।**

- कंप्यूटर माइक्रो प्रोसेसिंग कोर्स
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर सीएएलसी
- मास्टर ऑफ साइंस इन हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग
- हार्डवेयर नेटवर्किंग कोर्स
- हार्डवेयर डिप्लोमा कोर्स
- कंप्यूटर हार्डवेयर स्ट्रक्चर
- कंप्यूटर सीएएलसी कोर्स

## करियर स्कोप

अगर आपने कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर लिया है तो अब आपको करियर स्कोप के तहत बिल्कुल भी चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आज के समय में आपको विभिन्न प्रकार के नेटवर्क और तकनीकी से जुड़ी मल्टीनैशनल कंपनियों में और विभिन्न प्रकार के उद्योग में करियर स्कोप देखने को मिल जाता है जिनके नाम इस प्रकार हैं।

- आईटी एडमिनिस्ट्रेटर
- टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
- हेल्प डेस्क इंजीनियर
- कंप्यूटर टेक्निशियन
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर हार्डवेयर इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- कंप्यूटर एडमिनिस्ट्रेटर
- कंप्यूटर आईटी टेक्निशियन

## शिक्षण संस्थान

हार्डवेयर इंजीनियर कोर्स आज के समय में काफी महत्वपूर्ण कोर्स बन चुका है। इसलिए आज के समय में भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान और कॉलेजों द्वारा इस कोर्स को करवाया जाता है। आप भी अपने राज्य के अंतर्गत नजदीकी शिक्षण संस्थान से हार्डवेयर डेवलपर का कोर्स कर सकते हैं। भारत के कुछ प्रमुख हार्डवेयर डेवलपर बनने के कोर्स कराने वाले शिक्षण संस्थानों के नाम इस प्रकार हैं।

- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी,त्रिची
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंगलोर
- इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- एलएनएम इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, जयपुर
- बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे

## योग्यता

- हार्डवेयर डेवलपर बनने के लिए आपको सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करनी होगी।
- 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री प्राप्त करनी होती है।
- भारत के किसी भी शिक्षण संस्थान से बिटसैट, केसैट, वैबजी इन सभी प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं।
- हार्डवेयर डेवलेपर बनने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपकी रुचि कंप्यूटर साइंस और तकनीकी के क्षेत्र में होनी चाहिए और संबंधित कुछ अनुभव भी होना चाहिए।
- हार्डवेयर डेवलेपर बनने के लिए पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है हेतू यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित किया गया न्यूनतम अंक प्राप्त करना होगा।
- कुछ यूनिवर्सिटी द्वारा मास्टर प्रोग्राम के तहत प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाई जाती है।
- कुछ यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर स्कोर या अंक की मांग करती हैं।

## आवेदन प्रक्रिया

- आप जिस भी यूनिवर्सिटी से हार्डवेयर डेवलपर कोर्स करना चाहते हैं उस यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे।
- ऑफिशियल वेबसाइट पर अपने मोबाइल नंबर या ईमेल की मदद से अपना अकाउंट बनाएं तथा यूजरनेम और पासवर्ड प्राप्त करें।
- यूजरनेम और पासवर्ड की मदद से यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर लॉगिन करें।
- अब आपको यूनिवर्सिटी की ऑफिशल वेबसाइट पर होम पेज पर ही विभिन्न प्रकार के कोर्स दिखाई देंगे, उनमें से अपने पास का चयन करें।
- कोर्स का चयन करने के बाद आपको आवेदन फॉर्म दिखाई देगा।
- आवेदन फार्म को सही और महत्वपूर्ण जानकारी के अनुसार भरें।
- आवेदन फार्म के साथ संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड करें।
- आवेदन फार्म के अंतर्गत आवेदन फीस ऑनलाइन भुगतान करें और अपना आवेदन सबमिट कर दें।
- निर्धारित तारीख को प्रवेश परीक्षा दे और सर्वाधिक अंक हासिल करें।
- मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त होने पर आवेदन स्वीकार कर लिया जाएगा।
- आप कोर्स करके हार्डवेयर डेवलपर बन सकते हैं।

---

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना देश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण



**मोटिवेशनल**

डॉ. दिव्या तंवर

भारत में राज्यों की राजनीति का शिक्षा प्रणाली पर गहरा और व्यापक प्रभाव पड़ता है। चूंकि शिक्षा संविधान के तहत एक समवर्ती विषय है, इसलिए केंद्र और राज्य सरकारें दोनों इसके लिए नीतियां बनाती हैं। हालांकि, शिक्षा का अधिकांश दायित्व राज्य सरकारों के पास होता है, जिसके कारण राज्यों की राजनीतिक प्राथमिकताएं, नीतियां और एजेंडे शिक्षा प्रणाली को सीधे प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ राज्य जैसे केरल और तमिलनाडु ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षणिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा को कम प्राथमिकता दी जाती है, जिससे वहां के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और शिक्षा का निम्न स्तर देखने को मिलता है।

## पारदर्शिता की आवश्यकता

राजनीतिक एजेंडे के तहत पाठ्यक्रम में बदलाव, भाषा के मुद्दे, और शिक्षकों की नियुक्ति में राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे कारक शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा, राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति और बजट आवंटन भी शिक्षा के स्तर को निर्धारित करते हैं। धनी राज्य शिक्षा पर अधिक खर्च करते हैं, जबकि गरीब राज्यों में शिक्षा का बजट कम होता है, जिससे राज्यों के बीच शिक्षा के स्तर में असमानता बढ़ती है। इस प्रकार, राज्यों की राजनीति भारत की शिक्षा प्रणाली की वर्तमान स्थिति को निर्धारित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और यह स्पष्ट है कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और पारदर्शिता की आवश्यकता है। भारत में शिक्षा प्रणाली को सुधारने के लिए यह आवश्यक है कि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित करे और सरकारी स्कूलों को एक बेहतर ढांचा प्रदान करे। गरीब परिवारों के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना न केवल सामाजिक न्याय का मुद्दा है, बल्कि यह देश के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षकों की कमी, और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकारों को चाहिए कि वे शिक्षा के लिए पर्याप्त बजट आवंटित करें, शिक्षकों की योग्यता और प्रशिक्षण पर ध्यान दें, और स्कूलों में आधुनिक शिक्षण सामग्री और तकनीक का उपयोग सुनिश्चित करें। इसके अलावा, गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा, छात्रवृत्ति, और पोषण योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यदि राज्यों की राजनीति गरीब परिवारों की शिक्षा को प्राथमिकता देती है और सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाती है, तो भारत की शिक्षा प्रणाली में एक बड़ा सुधार संभव है।

## अपने विचारों को मूर्त रूप दें

**राजनीतिक प्राथमिकताओं का प्रभाव :** राज्य सरकारों की राजनीतिक प्राथमिकताएं शिक्षा के क्षेत्र में निवेश और नीतियों को निर्धारित करती हैं। कुछ राज्यों में, शिक्षा को विकास का मुख्य आधार माना जाता है, जबकि अन्य राज्यों में यह राजनीतिक एजेंडे में पीछे रह जाता है। उदाहरण के लिए, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है, जिसके कारण इन राज्यों में साक्षरता दर और शैक्षिक गुणवत्ता राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, कुछ राज्यों में शिक्षा के बजट को कम कर दिया जाता है, जिससे शिक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है।

**शिक्षा का राजनीतिकरण :** भारत में शिक्षा का राजनीतिकरण एक गंभीर समस्या है। राज्य सरकारें अक्सर शिक्षा पाठ्यक्रम को अपने राजनीतिक एजेंडे के अनुसार बदल देती हैं। इतिहास, सामाजिक विज्ञान और साहित्य जैसे विषयों में परिवर्तन करके राज्य सरकारें अपने विचारधारा को बढ़ावा देती हैं। इससे छात्रों को एक संकीर्ण और पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण मिलता है, जो उनके समग्र विकास को प्रभावित करता है।

**शिक्षकों की नियुक्ति और भ्रष्टाचार :** राज्यों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया अक्सर राजनीतिक हस्तक्षेप का शिकार होती है। योग्यता के बजाय राजनीतिक संबंधों के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाती है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार भी एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी हो जाती है।

**भाषा और संस्कृति का मुद्दा :** राज्यों की राजनीति में भाषा और संस्कृति का मुद्दा हमेशा से प्रमुख रहा है। कई राज्य सरकारें अपनी क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा प्रणाली का उपयोग करती हैं। हालांकि यह स्थानीय संस्कृति को संरक्षित करने में मददगार हो सकता है, लेकिन इससे राष्ट्रीय एकता और समान शिक्षा प्रणाली के लक्ष्य को नुकसान पहुंचता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अध्रिम

**उत्तर** 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी) 9.(बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### यूटीआर ट्रांजेक्शनों से उड़ाए हजारों रुपये

**रेवाड़ी।** साइबर ठगों ने यूटीआर ट्रांजेक्शनों के माध्यम से एक महिला के एसबीआई बैंक खाते से लगभग 93 हजार रुपये उड़ा दिए। पुलिस शिकायत में मंदोला निवासी पुष्पा देवी ने बताया कि उसका बैंक खाता एसबीआई में है। उसने अपने बैंक खाते से यूपीआई या नेटबैंकिंग शुरू नहीं की हुई है। इसके बावजूद दो दिनों के दौरान उसके खाते से 9 ट्रांजेक्शनों के जरिए 92870 रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिए गए। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन खातों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिनमें उसकी रकम ट्रांसफर की गई है।

### श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क चिकित्सा कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 23 फरवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। सभा प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डॉ रवि राव मेडिसिन, डॉ. सिद्धार्थ यादव हड्डीरोग, डॉ. पवन यादव न्यूरो सर्जरी, डॉ. मनीष यादव ईएनटी, डॉ. कंचन यादव नेत्ररोग व डॉ. अजीत सिह यादव चर्मरोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव मरीजों को फिजियोथरेपी की सेवाएं देंगे।

### बातों में उलझाकर महिला के कुंडल लेकर फरार

**रेवाड़ी।** अनाजमंडी गेट के पास बाइक सवार दो लोग एक महिला को बातों में उलझाकर उसके कानों के कुंडल निकालकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में अनाजमंडी निवासी पार्वती देवी ने बताया कि वह मंडी के गेट के पास चीटियों को दाना डालने के लिए गई थी। जब वह दाना डाल रही थी तो एक बाइक पर दो लोग वहां आ गए। इन लोगों ने उससे कहा कि वह उसके हाथ पर एक पर्ची रखेंगे। पर्ची उठाते ही उसके 1500 रुपये बन जाएंगे। दोनों ने उसे काफी देर तक बातों में उलझाए रखा। इसके बाद कानों के कुंडल निकालकर बाइक से फरार हो गए। उसने काफी शोर भी मचाया। पुलिस ने उसकी सूचना पर केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### बूस्टिंग स्टेशन से हजारों रुपये का सामान चोरी

**रेवाड़ी।** मुंढलिया के बूस्टिंग स्टेशन से चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। बूस्टिंग स्टेशन पर तैनात कर्मचारी ज्ञान प्रकाश ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह 19 फरवरी को स्टेशन पर बने कमरे का ताला बंद करने के बाद चला गया था। अगले दिन वह सप्लाई चलाने के लिए गया तो कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। चोर कमरे से एक स्टार्टर, चार प्लास्टिक पाइप व लगभग 50 फीट केबल चोरी कर ले गए। उसने सरपंच को सूचना देने के बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### ईको कार की टक्कर से ईएसआई की मौत

**बावल।** एनएच-71 पर खेड़ा गांव के पास ईको कार की चपेट में आकर बाइक सवार पुलिस के ईएसआई की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बाद में ईएसआई का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। वह लगभग डेढ़ साल बाद ही सेवानिवृत्त होने वाले थे। मूल रूप से बावल के ओढ़ी का रहने वाला निहाल सिंह जिला पुलिस में ईएसआई के पद पर तैनात था। वह इस समय ईआरवी पर ड्यूटी कर रहा था। वह परिवार के साथ उत्तम नगर कॉलोनी में रहता था। वीरवार देर सायं निहाल सिंह बाइक लेकर रोहड़ाई की ओर जा रहा था। जब वह रोहड़ाई मोड़ से खेड़ा गांव की ओर जा रहा था तो एक ईको कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। निहाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### रस्साकस्सी में कंप्यूटर इंजीनियरिंग की टीम जीती

# क्रिकेट मुकाबले में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की टीम विजेता

- चौधरी रणबीर सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर





झज्जर। ऊंची कूद मुकाबले में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी, खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए निदेशक डॉक्टर रविन आहूजा। फोटो :हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रही दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के समापन पर संस्थान के निदेशक डॉक्टर रविन आहूजा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कुलसचिव राजेश यादव ने कहा कि आज का युवा राष्ट्रनिर्माण के लिए अग्रणी भूमिका में है। इसके लिए युवाओं का ऊर्जावान होना बहुत जरूरी है। खेल उत्सव के दौरान मंच संचालक की भूमिका में मौजूद डॉक्टर जगबीर कादियान और डॉक्टर नरेंद्र पंवार प्रतिभागियों की हौसला बढ़ाया। अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर, 4 गुणा 100 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, रस्साकसी, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो आदि फाइनल मुकाबलों का आयोजन हुआ। क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की टीम ने लगातार तीन बार की विजेता रही इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की टीम को हराया। कबड्डी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग टीम कड़े मुकाबले के साथ कंप्यूटर इंजीनियरिंग टीम को शिकस्त देकर विजेता का खिताब जीता। रस्साकस्सी में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विजेता रही। लड़कियों की 100मीटर और 200मीटर दौड़ में सीएसई की मुस्कान प्रथम, किरण द्वितीय रही। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में रौनक प्रथम, संजीव द्वितीय, गौरव सैनी और विवेक चाहार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में ईसीई के रौनक यादव को प्रथम, मैकेनिकल के मनीष यादव को द्वितीय और तरुण यादव को तृतीय स्थान मिला। 400 मीटर दौड़ में मैकेनिकल के तरुण यादव प्रथम, रौनक यादव द्वितीय और जतिन तृतीय रहे। डिपार्टमेंट स्तर पर हुई 4 गुणा 100 मीटर की रिले रेस में सिविल इंजीनियरिंग प्रथम, कंप्यूटर इंजीनियरिंग द्वितीय और मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट तृतीय रहा। डिस्कस थ्रो बॉयज में कार्तिकेय प्रथम, लोकेश द्वितीय और आशीष तृतीय जबकि लड़कियों में प्राची प्रथम, किरण द्वितीय और राशी तृतीय रही। शॉट पुट बॉयज में यश प्रथम, सौरभ द्वितीय और जतिन तृतीय तथा लड़कियों में प्राची प्रथम, किरण द्वितीय और मुस्कान तृतीय रही। लंबी कूद मुकाबले में लड़कों में प्रवेश प्रथम, विवेक चाहार द्वितीय और रौनक यादव तृतीय तथा लड़कियों में मुस्कान प्रथम, किरण द्वितीय और राशी तृतीय रही। ऊंची कूद मुकाबले में लड़कों में चेतन प्रथम, संजीव द्वितीय और विराट सांगवान तृतीय तथा लड़कियों में किरण प्रथम, मुस्कान द्वितीय और शिवांगी तृतीय रही। खेल प्रभारी डॉक्टर कुलवंत खरब, वीरेन्द्र सहरावत, सचिन दहिया, पिंकी, सुनीता सहित अन्य भी मौजूद रहे।

#### डायरेक्टर 11 की टीम को 12 रन से जीत मिली

खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए मैकेनिकल 11 और डायरेक्टर 11 टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। डायरेक्टर 11 टीम में निदेशक डॉक्टर रविन आहूजा, रजिस्ट्रार राजेश यादव ने सभी स्टाफ सदस्यों के साथ हिस्सा लिया। डायरेक्टर 11 टीम ने 12 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन का स्कोर तय किया जबकि बाद में बल्लेबाजी करने उतरी मैकेनिकल 11 टीम 12 ओवर में केवल 113 रन के स्कोर तक ही पहुंच पाई। इस प्रकार डायरेक्टर 11 की टीम को 12 रन से जीत मिली।




झज्जर। शिविर में लोगों की दांतों की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

## शिविर में 110 लोगों ने करवाई दांतो की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को मॉडल इकोनामिक टाउनशिप व रिलायंस फाउंडेशन द्वारा जिले के गांव इस्माइलपुर की बड़ी चौपाल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 110 ग्रामीणों ने दंत चिकित्सा का लाभ उठाया। कैंप का आयोजन एसजीटी यूनिवर्सिटी एवं डेंटल कॉलेज के सहयोग से किया गया। डॉक्टर चारू के नेतृत्व में 9 दंत चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों की जांच की। इस दौरान ग्रामीणों को निःशुल्क माउथवॉश, टूथपेस्ट व ब्रश व दवाइयां भी प्रदान की गई। इस मौके पर साहिल, चंद्रभान, एएनएम सुनीता, राकेश, संतोष देवी, डॉक्टर श्रीभगवान, रिलायंस की तरफ से संजय गुलाटी, अक्षय सहित अन्य भी मौजूद रहे।




- विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और मातृभाषा के महत्व को समझने का संकल्प लिया

बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जानकारी देती ज्योति देशवाल। फोटो :हरिभूमि

### मातृभाषा के प्रयोग के लिए किया प्रोत्साहित

**बहादुरगढ़।** अशोका इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और मातृभाषा के महत्व को समझने का संकल्प लिया। शिक्षिका ज्योति देशवाल ने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिन भाषा और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए 1999 में घोषित किया गया था। मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा होती है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपनी मातृभाषा का सम्मान करें और इसे संवारने में योगदान दें। मातृभाषा का संरक्षण और संवर्धन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का महत्वपूर्ण कदम है।

## कविता पाठ में सौरभ प्रथम व लक्ष्मी द्वितीय

- डॉ. रमेश कुमार ने हरियाणवी कविता के माध्यम से विद्यार्थियों का मनोरंजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



- 2000 से अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस मनाया जा रहा
- हमें गर्व के साथ अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए

बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित बादली कॉलेज के छात्र-छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पूनम ने की। इस अवसर पर हरियाणवी कविता पाठ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम रानी ने किया।

हरियाणवी कविता पाठ में सौरभ प्रथम व लक्ष्मी द्वितीय रही। डॉ. पूनम रानी ने बताया कि संसार में बहुभाषिता व सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए 21 फरवरी को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। प्रदेश के लोगों की मातृभाषा हरियाणवी है। सन1952 में ढाका विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपनी मातृभाषा को बचाए रखने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। इसमें 16 लोगों की जान गई थी। इनकी याद में 2000 से अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस मनाया जा रहा है। हमें गर्व के साथ अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए। डॉ. रमेश कुमार ने हरियाणवी कविता के माध्यम से विद्यार्थियों का मनोरंजन किया। डॉ. सरिता ने सभी का धन्यवाद किया।

# अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने बीएमजी मॉल के पीछे एक युवक को अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर ने सूचना दी थी कि सेक्टर-3 में रह रहा मूल रूप से अजय नगर निवासी दीपक उर्फ कानिया आपराधिक किस्म का व्यक्ति है। वह बीएमजी मॉल के पीछे अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एक रेडिंग पार्टी तैयार की। जब पुलिस बीएमजी मॉल के पीछे पहुंची तो वहां खड़े एक व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पीछा करते हुए पुलिस ने उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी पिस्तोल बरामद हुआ। चेक करने पर पिस्तोल के बैरल से एक जिंदा कारतूस भी मिली। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

#### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** करीब तीन साल पहले एक नाबालिग का अपहरण करने के बाद दुष्कर्म का शिकार बनाने के आरोपी को सिटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 12 नवंबर 2021 को शहर की एक कॉलोनी निवासी सौरव के खिलाफ अपहरण व पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने पीड़िता का सिविल अस्पताल से मेडिकल भी कराया था। वारदात के बाद से आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया।

### घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास, विरोध पर महिला को चाकू मारा

**कोसली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में महिला को अकेली पाकर युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर उसने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घटना के चंद घंटों बाद ही आरोपी को जेल का रास्ता दिखा दिया। एक गांव निवासी महिला शादी समारोह में परिवार के साथ भाग लेने के लिए गई थी। परिवार के सदस्य बाद में बारात में शामिल हो गए। महिला अपने घर आ गई। पुलिस बयान में महिला ने आरोप लगाया कि गढ़ी निवासी अजीत उसके मकान में घुस गया। उसने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जब विरोध किया तो चाकू से हमला कर दिया। चाकू के वार से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसी दौरान आसपास के लोग वहां आ गए। अजीत वहां से फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने महिला के बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## कंपनी कर्मी को ऑटो टक्कर मारी, बाइक छीनकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसलवास फ्लाईओवर के पास ऑटो में सवार बदमाश बदमाश टक्कर मारने के बाद नाले में गिराकर कंपनी कर्मचारी की बाइक चोरी कर ले गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाकेबंदी करते हुए बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया, परंतु सफलता नहीं मिली। घायल कंपनी कर्मचारी को एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है। लोधाना निवासी अमित कुमार बावल औद्योगिक एरिया की एक कंपनी में कार्यरत है। रात को वह घर से बाइक लेकर कंपनी में ड्यूटी के लिए जा रहा था। आसलवास पुल के पास एक ऑटो ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे अमित बाइक से गिर गया। कुछ युवकों ने अमित को जमीन से उठाने के बाद हाइवे किनारे नाले में धकेल दिया। इसके बाद वह बाइक लेकर फरार हो गए। अमित ने नाले से निकलकर पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उसके दोनों पैरों में फ्रेक्चर आए हैं। कसोला पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।



प्राइवेट अस्पताल में भर्ती अमित कुमार।

**प्रतियोगिता** | राजकीय महिला महाविद्यालय गुरावड़ा में 14वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# खेलकूद प्रतियोगिता में अनु को मिला बेस्ट एथलीट का खिताब

- प्राचार्य ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल भावना के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते प्राचार्य व स्टाफ, बेस्ट एथलीट अनु को पुरस्कृत करते प्राचार्य व स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय गुरावड़ा में 14वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डा. अजय कुमार थे। खेल उत्सव के छात्राओं ने दूसरे दिन 100 मीटर, 400 मीटर, हाईजंप के फाइनल राउंड के साथ थ्री लेग रेस व लेमन रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राचार्य ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल भावना के लिए प्रेरित किया। खेल उत्सव में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अनु बीए सैकेंड ईयर ने जीता। कॉलेज के उप प्राचार्य डा. सुशील दत्त ने सभी स्टाफ सदस्यों व खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. ज्योति, डा. कविता, डा. रवि, अमित, कृष्ण, सुषमा व गीता सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### बंद मकान से लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**जाटूसाना।** दखोरा गांव में चोर एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में रेनुका ने बताया कि वह किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान उसे सूचना मिली कि उसके मकान में चोरी हो गई है। सूचना मिलने के बाद जब वह घर पहुंची तो मकान के बाहर व अंदर के दरवाजों के ताले टूटे हुए थे। कमरे में रखी अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था। चोर अलमारी से सोने का कड़ा, मंगलसूत्र, डायमंड सेट, झुमकी व अन्य जेवरात के साथ-साथ 70 हजार रुपये भी चोरी कर ले गए। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद जाटूसाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

**खबर संक्षेप**



बहादुरगढ़। महिलाओं को शिव महिमा समझाती बीके अमृता बहन।

### बामड़ोली में शिव जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** गांव बामड़ोली के शिव मंदिर में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा शिव जयंती कार्यक्रम हर्ष उल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शिव बाबा का झंडा फहराया गया और अंत में सभी को भोग खिलाया गया। बीके अमृता बहन ने सभी गांव वासियों को शिव जयंती की बधाई देते हुए कहा कि दुखहर्ता सुखकर्ता परमपिता परमात्मा शिव इस समय हम सब आत्माओं के दुखों को हरकर सुख की दुनिया में ले जाने के लिए ज्ञान और योग की पढ़ाई पढ़ा रहे हैं।

### संस्कृति से जोड़ती है मातृभाषा

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला मेन बाजार में खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस दौरान उन्होंने दूसरी व तीसरी कक्षा की एफएलएन की मॉनिटरिंग भी की। बीईओ मुन्नी देवी ने बताया कि मातृभाषा हमें अपनी संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बच्चों ने अपनी मातृभाषा में कविता व कहानी सुनाई। इसके अलावा बीईओ ने दूसरी व तीसरी कक्षा में बच्चों के पढ़ने के लेवल को जांचा।

### हार्डवेयर समस्याओं का समाधान करना सीखा

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग में हार्डवेयर वर्कशॉप आयोजन किया गया। कंप्यूटर विभागाध्यक्ष सौरभ जैन ने बताया कि इस वर्कशॉप से विद्यार्थियों को कंप्यूटर हार्डवेयर के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ तथा कंप्यूटर हार्डवेयर के विभिन्न घटकों के बारे में जानने का मौका मिला। उन्होंने कंप्यूटर के हार्डवेयर घटकों की पहचान करना, उनको जोड़ना तथा हटाना, हार्डवेयर घटकों की समस्याओं का निदान और समाधान करना सीखा।

### डीएवी स्कूल में हुई टेलेंट हंट प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को शहर के डीएवी स्कूल में किड्स फिएस्टा (टेलेंट हंट) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से दूसरी कक्षा के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 15 प्रीप्रेटरी स्कूलों से लगभग 300 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता छात्रों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने मुख्य अतिथि के साथ दीप प्रज्वलित करके गायत्री मंत्र का उच्चारण किया।

## वैश्य कॉलेज में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन, डीसीपी पहुंचे

# जाह्नवी बेस्ट एथलीट बनी, रिंकी को बेस्ट रनर-अप का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में हुई दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को उत्साह के साथ संपन्न हुई। पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने मुख्यातिथि के रूप में छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। छात्राओं द्वारा ड्रिल में योगाभ्यास का प्रदर्शन किया गया। दो दिवसीय खेलकूद समारोह में जाह्नवी बेस्ट एथलीट व रिंकी बेस्ट रनर-अप चुनी गई। उन्हें ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

डीसीपी मयंक मिश्रा ने कहा कि किसी भी देश को विकसित करने में महिला शक्ति का अहम योगदान होता है। हमें महिलाओं के सर्वांगिण विकास के लिए हर संभव सहयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को सुरक्षित व शिक्षित समाज निर्माण में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया तथा महिला सुरक्षा योजना ट्रिप मॉनिटरी सर्विस से भी अवगत कराया। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि महिलाएं जितनी शिक्षित होंगी, समाज उतना ही उन्नति करेगा।



बहादुरगढ़। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते डीसीपी व अन्य। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। योगाभ्यास करती वैश्य कॉलेज की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### खेलों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा ने शिक्षा के साथ खेलों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। पवन जैन ने छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### अनुशासित जीवन व्यतीत करें छात्राएं : प्राचार्या

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं को सकारात्मक रूप से ऊर्जावान रहने और समय-शक्ति का समुचित प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अनुशासित जीवन व्यतीत करना चाहिए व अत्याधुनिक तकनीकी का समुचित प्रयोग सीखना चाहिए। खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मनीष जिंदल, आशीष कुमार, यशपाल गांधी, जय भगवान लोहिया व अजय आदि ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की संयोजिका पूनम व प्रीति रहीं। मंच संचालन अंजू चौधरी व डॉ भारती मिश्रा द्वारा किया गया।

# सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और हमला करने का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बालौर में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी में ढहाया गया निर्माण।

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा बालौर के निकट करीब 50 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर अंकुश लगाने के लिए बीते दिनों लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन बावजूद इसके अवैध कॉलोनाइजर के हौसले बुलंद हैं। यही कारण है कि गत दिवस तोड़फोड़ के दौरान डीटीपी की टीम पर हमला करने के साथ ही कार्रवाई को बाधित करने का प्रयास किया गया। इसके बाद देर रात कॉलोनाइजरों पर विभिन्न धाराओं के तहत थाना सदर में अभियोग दर्ज करवाया गया। बता दें कि विधायक राजेश जून द्वारा बहादुरगढ़ के बाइपास पर अवैध कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला विधानसभा में उठाया गया था। बीते कुछ दिनों से प्रशासन इस मामले में सख्त रुख अपनाए हुए है। इस महीने में तीन बार बालौर के रकबे में काटी जा रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई।

गत दिवस भी अवैध कॉलोनी में निर्माणों को शुरुआती दौर में ध्वस्त करने के लिए टीम पहुंची तो उस पर कॉलोनाइजरों ने हमला किया और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया। नायब तहसीलदार कीर्ति दहिया इस मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर मौजूद थी। डीटीपी मनीष कुमार दहिया ने पुलिस में शिकायत दी है कि सतीश कुमार और अक्षित आदि ने तोड़फोड़ कार्रवाई को रोकने का प्रयास किया। सदर थाना पुलिस ने इन दोनों के साथ ही परमिंद्र दहिया के विरुद्ध बीएनएस की धारा 221, 223(ए), 3(5) के तहत अभियोग अंकित किया है।

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें

डीटीपी मनीष दहिया ने बताया कि आमजन भी भू-माफिया के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कॉलोनी या निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी में निर्माण को किसी भी समय गिराया जा सकता।

## नगर परिषद चेयरमैन ने किया शहर का दौरा, विकास कार्यो का जायजा लिया

**झज्जर।** नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शुक्रवार को शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने वार्ड नंबर 5 में बनने वाली गली का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया तथा बुद्धोमाता मंदिर के साथ सुर्खपुर रोड पर बन रहे नाले, वार्ड नंबर 3 गाजी कमाल मंदिर के पीछे वाली गली, देव नगर कॉलोनी तथा लाल सिंह कॉलोनी में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य कर रहे ठेकेदारों को चेतावनी दी कि काम में किसी प्रकार की भी कमी ना रहे। चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बताया कि शहर की विभिन्न गलियों का निर्माण कार्य चल रहा है। कुछ के टेंडर लग गए हैं। अगले दो या तीन महीने में शहर की सभी गलियां दुरुस्त होगी। शहर में सफाई, सीवरेज तथा लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर प्रयासरत हैं। इस दौरान उनके साथ पार्षद यशपाल उर्फ कुक्कू, पार्षद जयपाल उर्फ पप्पू, पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू छाबड़ा, नगर परिषद के जूनियर इंजीनियर अतुल और केशव सिंघल मौजूद रहे।



झज्जर। गली निर्माण का शुभारंभ करते जिले सिंह सैनी।



बहादुरगढ़। व्याख्यान सुनते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### व्याख्यान में बायोडाटा बनाना सिखाया

**बहादुरगढ़।** बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा दो दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पूनम ने की। कार्यक्रम का आयोजन संदीप ने किया। विस्तार व्याख्यान के प्रथम दिन एसजीटी यूनिवर्सिटी की शिक्षा संकाय विभागाध्यक्ष डॉ. मनीता देवी ने मुख्य वक्ता के तौर पर विद्यार्थियों को अपना बायोडाटा बनाना सिखाया। पीपीटी के माध्यम से उन्होंने विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों को इसके संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ रमेश, डॉ पूनम रानी व डॉ सरिता भी मौजूद रहे।

## विज्ञान ओलंपियाड में पेस के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



झज्जर। शिक्षकों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी।

अंतरराष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड लेवल वन में पेस संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पेस ग्रुप के डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि उनके संस्थान के 24 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक, 10 ने रजत पदक और 7 ने इंटरनेशनल लेवल पर कांस्य पदक जीता। विजेता विद्यार्थियों में से तीसरी कक्षा से गतिक वत्स, चौथी से युग यादव, हर्ष यादव, हर्षाली, आदि गोदारा, कर्त्तव्य और गर्विक, पांचवीं से कनक, रूद्र, छठी से नव्या, मनस्वी, प्राची, मानवी, तरंग यादव, सातवीं कक्षा से युवराज, आठवीं से धनुज, सिटिका, रियान भारद्वाज, नमन, इशिका, नौंवी से अंश छिल्लर, दसवीं से मंजीत, ग्यारहवीं कक्षा से दिव्या ने गोल्ड मेडल जीता है। छठी कक्षा के आर्यन छिक्कारा, सातवीं से ऋषभ, अश्मिता, आठवीं से दिशिता, नौंवी से छाया, यश, भानवी, तक्षय, दसवीं से जयंत व ग्यारहवीं से तन्नू ने सिल्वर मेडल जीता जबकि छठी कक्षा के दक्ष, सातवीं के सक्षम, आठवीं के निखिल व अनिकेत, नौंवी से सिद्धांत, दसवीं से मानसी, ग्यारहवीं से सौम्या कादियान ने कांस्य पदक हासिल किया।



बहादुरगढ़। कैंप में मौजूद स्वयंसेविकाएं व समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### गर्ल्स कॉलेज में साप्ताहिक एनएसएस कैंप शुरू

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का उद्घाटन हुआ। इसमें युवा भारत और डिजिटल साक्षरता पर फोकस रहेगा। प्राचार्या अलका गुलाटी, सीनियर फैकल्टी डॉ. सुदेश राठी, डॉ शिल्पा व संगीता द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से कैंप शुरू हुआ। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को समुदाय सेवा में भागीदारी के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ ललिता ने कैंप का शेड्यूल बताया। एनएसएस के लक्ष्य के बारे में बताते हुए टीम भावना से काम करने के लिए स्वयंसेविकाओं को प्रोत्साहित किया। सायंकालीन सत्र में ब्रह्म सेवा समिति के प्रधान दिनेश खोखर व कृष्ण गोपाल विद्यार्थी आदि ने साइबर क्राइम पर जागरुक किया। इस मौके पर डॉ आशिमा, डॉ शीतल, मंजू व डॉ रीना आदि उपस्थित रहे।

## राजकीय विद्यालय ढाकला को मिला मुख्यमंत्री विद्यालय सौंदर्यीकरण पुरस्कार, ब्लॉक में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



झज्जर। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय परिसर में मौजूद प्राचार्य वेद प्रकाश।

मुख्यमंत्री विद्यालय सौंदर्यीकरण पुरस्कार प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला को ब्लॉक में प्रथम स्थान मिला है। स्कूल प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि योजना के अंतर्गत विजेता विद्यालय को पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाती है। प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यालय में पेड़ पौधे लगाना, पेड़-पौधों की देखरेख, विद्यालय के हरे-भरे प्रांगण का सौंदर्यकरण, प्रांगण तथा भवन के कमरे व छतों की साफ सफाई, सोलर पैनल की साफ सफाई, पीने के शुद्ध पानी की उचित व्यवस्था, शौचालय, बरसाती पानी की वाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न विषयों से संबंधित 100 प्रश्न पूछे जाते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण पुरस्कार राशि से विद्यालय में स्टेज का नवीनीकरण किया जाएगा।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित बादली कॉलेज के छात्र-छात्राएं।

### कविता पाठ में सौरभ प्रथम व लक्ष्मी रही द्वितीय

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पूनम ने की। इस अवसर पर हरियाणवी कविता पाठ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ पूनम रानी ने किय। हरियाणवी कविता पाठ में सौरभ प्रथम व लक्ष्मी द्वितीय रही। डॉ पूनम रानी ने बताया कि संसार में बहुभाषिता व सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए 21 फरवरी को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। प्रदेश के लोगों की मातृभाषा हरियाणवी है। सन 1952 में ढाका विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपनी मातृभाषा को बचाए रखने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। इसमें 16 लोगों की जान गई थी। इनकी याद में 2000 से अंतरराष्ट्रीय भाषा दिवस मनाया जा रहा है। हमें गर्व के साथ अपनी मातृभाषा का प्रयोग करना चाहिए। डॉ रमेश कुमार ने हरियाणवी कविता के माध्यम से विद्यार्थियों का मनोरंजन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## महिला कॉलेज में प्रोफेसर डॉ. सुनीता छिल्लर ने दिए टिप्स

# परीक्षा को जीने-मरने का प्रश्न न बनाएं

- अनुशासित अध्ययन, मानसिक संतुलन सफलता के लिए जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। हरियाणा शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। छात्रों के लिए ये परीक्षाएं ना केवल एक शैक्षणिक पड़ाव होती हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता की भी परीक्षा लेती हैं। अधिकतर विद्यार्थी परीक्षा के समय अत्यधिक तनाव, चिंता और असफलता के डर से जूझते हैं, जिससे उनकी तैयारी और प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। ऐसे में कुछ प्रभावी मनोवैज्ञानिक तकनीकें अपनाकर विद्यार्थी तनावमुक्त रहकर परीक्षा दे सकते हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय में मनोविज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनीता छिल्लर ने बताया कि अनुशासित अध्ययन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच सफलता के लिए जरूरी है। उन्होंने सकारात्मक रहने की सलाह देते हुए कहा कि विद्यार्थी स्वयं पर विश्वास करें। नकारात्मक सोच को छोड़कर "मैं कर सकता/सकती हूं" जैसे सकारात्मक वाक्य दोहराएं। परीक्षा केवल आपके ज्ञान का मूल्यांकन है, यह आपकी क्षमता या भविष्य का अंतिम निर्णय नहीं है, इसीलिए परिणाम का डर छोड़ दें। प्रतिदिन की गई प्रगति को स्वीकार करें और खुद को प्रोत्साहित करें। योजनाबद्ध पढ़ाई करने की सलाह देते हुए डॉ. छिल्लर ने कह कि पढ़ाई के लिए एक व्यवस्थित टाइम-टेबल बनाकर अनुशासनपूर्वक उसका पालन करें। माइंड मैपिंग, शॉर्ट नोट्स, नेमॉनिक्स और एक्टिव रिकॉल का प्रयोग कर स्मरण शक्ति बढ़ाएं। रट्टा मारने की बजाय अवधारणाओं को समझें और उन्हें अपने शब्दों में दोहराएं।

### ऐसे रहेगा दिमाग शांत



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरुक करती डॉ. सुनीता छिल्लर।

डॉ. सुनीता छिल्लर ने बताया कि धीरे-धीरे गहरी सांस लेने और छोड़ने से दिमाग शांत रहेगा। प्रतिदिन 10-15 मिनट मेडिटेशन और हल्का योगाभ्यास मानसिक स्पष्टता और फोकस बढ़ाएगा। उन्होंने रोजाना 6-8 घंटे की नींद लेने की सलाह दी। इसके अलावा जंक फूड से बचने और प्रोटीन, विटामिन एवं हाइड्रेटिंग फूड्स का सेवन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि प्रश्नपत्र मिलने के बाद पहले सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उत्तर क्रमबद्ध रूप से लिखें। आसान प्रश्नों को भी गंभीरता से लें और उत्तर को सुव्यवस्थित ढंग से लिखें। पहले आसान प्रश्नों को हल करें और फिर कठिन प्रश्नों पर ध्यान दें। अपनी गलतियों और कमियों को पहचानकर आगे सुधार करें। बोर्ड परीक्षा को जीवन-मरण का प्रश्न न बनाएं। परीक्षा के बाद नए अवसरों और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखें।

## कर्मचारियों को विभिन्न नियमों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



झज्जर। कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों के साथ मौजूद प्राचार्या एवं वक्ता।

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में हरियाणा लोक प्रशासन संस्था के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा आयोजित की जा रही तीन दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई।

कार्यशाला के अंतिम दिन की शुरूआत प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में एचआईपीए रोहतक के संभागीय प्रशिक्षण केंद्र से वीपी असीजा व वित्तीय विभाग हरियाणा के सेवानिवृत्त एओ नौरंग लाल मौजूद रहे। इस दौरान जहां नौरंगलाल ने कर्मचारियों को वेतन निर्धारण, नियमों तथा एसीपी ग्रांट, पदोन्नति के नियमों बारे विस्तृत जानकारी दी वहीं मुख्य वक्ता वीपी असीजा ने रिकॉर्ड प्रतिधारण, अप्वाइंटमेंट के नियमों, एनपीएस वेतन तथा सेवानिवृत्ति के समय पेंशन नियमों, नवीन पेंशन योजना के अंतर्गत ग्रेच्युटी प्राप्ति, नवीन कर के स्लैब्स और कर में अन्य छूट की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के समापन पर प्राचार्या व मुख्य वक्ताओं द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए।

## स्वयंसेविकाओं ने की भिंडावास पक्षी विहार की सैर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



झज्जर। भिंडावास पक्षी विहार परिसर में शिक्षकों के साथ मौजूद स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में चल रहे एनएसएस कैंप के पांचवें दिन स्वयंसेविकाओं को भिंडावास पक्षी विहार का भ्रमण कराया गया। प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा, एनएसएस प्रभारी डॉक्टर अनु बरवड तथा योग शिक्षक राजकुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शिविर की शुरूआत की। राजकुमार व उनकी टीम ने स्वयंसेविकाओ और स्टाफ को ध्यान की प्रार्थना कराते हुए उन्हें विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस ऑफिसर डॉक्टर अनु बरवड के नेतृत्व में भिंडावास पक्षी विहार पहुंची स्वयंसेविकाओं ने प्रकृति को नजदीक से देखा और विभिन्न पक्षियों की आवाज सुनते हुए उनके बारे जानकारी हासिल की। सायंकालीन सत्र में डॉक्टर सुनीता रानी ने जहां स्वयंसेविकाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से अवगत कराया वहीं डॉक्टर तितिक्षा रोहिल्ला ने अरेबिक डांस बारे जानकारी दी।